हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवम्बर 2024
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON

## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि


**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि

**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि

**मान. एजाज ढ़ेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि

**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

# Freedom RAIPUR RUN

## 1 DEC 2024

**10 Km. & 5 Km. CATEGORIES**
**Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)**
**Time : 6.00 AM (Morning)**

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि

**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता

**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि

**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि

**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

**Title Sponsor** — Freedom Refined Sunflower Oil

**Prayer Partner** — परिमल भारतवासी अगरबत्ती

**Associate Sponsors** — CONCRETE TMT & PIPES (मजबूती ही हमारा विश्वास है) | IB GROUP | ABIS | RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION | RAMA TMT BARS ANDAR SE ATOOT | Vachan | IFFCO | निजात — नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां। रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

**Health Partner** — SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

**Outdoor Partner** — ASA ADVERTISING AGENCY

## (BIB Distribution on 30th Nov.)
## Venue - Haribhoomi Office, Raipur
## Time - 11 AM. to 4 PM.
## Only Registered Participants for BIB*

# धूल वाले 4 इलाकों में वायु प्रदूषण कम करने होगा पानी का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

शहर और उससे लगे 4 इलाकों में वायु प्रदूषण कम करने नगर निगम अब पानी का छिड़काव कराएगा। भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल मार्ग, जीई रोड स्थित एम्स हास्पिटल के पास वाला एरिया, औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के समीप वाला मार्ग इसमें शामिल है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जल विभाग के अधिकारियों को इसके लिए रूट प्लान तैयार कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित जल से धुंए का गुबार कम कराने निर्देश दिए हैं। ये ऐसे इलाके हैं, जहां धूल के गुबार से आए दिन लोग परेशान रहते हैं, वहीं वायु की गुणवत्ता भी इन इलाकों में बेहद खराब आकी गई है। सड़कों पर उड़ती धूल से वायु प्रदूषण के खतरे ने जहां आम आदमी की नींद उड़ा रखी है, वहीं केंद्र से शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने पंद्रहवें वित्त आयोग के माध्यम से अलग से राशि नगर निगम को दी गई है। सूत्रों के मुताबिक शहर से लगे औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा बेल्ट में प्रदूषण की भयावहता को देखते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर रायपुर नगर निगम इस क्षेत्र में स्प्रिंकलर से धूल को दबाने पानी की फुहार छोड़ेगा। यही नहीं, सिलतरा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन स्पेस का विस्तार करने बड़े पैमाने में पौधारोपण की योजना बनाई गई है। गांधी सदन में बुधवार को नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की मौजूदगी में एयर क्वालिटी मानिटरिंग सेल की बैठक हुई। इसमें शहर की वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में यह तय हुआ कि शहर में खुले में कचरा जलाने वालों पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी कार्रवाई करेंगे।

## नगर निगम के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से उपचारित पानी का होगा उपयोग

### 15 साल पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने पर जोर

शहर की सड़कों के सुधार कार्य करने और परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रदूषण फैलाने वाली गाड़ियों पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये हैं। साथ ही 15 साल पुरानी हो चुकी गाड़ियों को स्क्रैप करवाने के लिए प्रेरित करने जोर दिया गया। जानकारों का कहना है कि शहर में पुरानी गाड़ियों से भी प्रदूषण ज्यादा फैलता है। इसीलिए पुराने वाहनों को स्क्रैप करवाने लोगों को जागरूक किया जाएगा।




### दोपहिया, तिपहिया ई व्हीकल के लिए खुलेंगे चार्जिंग पाइंट

नगर निगम आने वाले दिनों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत शहर में 3 लोकेशन पर ई व्हीकल चार्जिंग के लिए पाइंट की व्यवस्था कराएगा। खासकर के दोपहिया और तिपहिया वाहनों की चार्जिंग की सुविधा इससे आम जनता को मिलेगी।

# नॉमिनी बगैर बांट दिए स्थाई पट्टे, मुखिया की मृत्यु के बाद नाम चढ़ाने अब भटक रहे परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

पूर्व कांग्रेस शासन काल में नजूल की जमीन पर लंबे समय से रहने वाले परिवारों को स्थाई पट्टा बांटे गए थे। इन पट्टों को जिनके नाम पर बांटे गए हैं, उनमें ऐसे कई परिवार हैं, जिनके पट्टे में नॉमिनी का उल्लेख ही नहीं है, जबकि सर्वे के दौरान प्रत्येक व्यक्ति से उसकी जमीन, कब से निवास कर रहा है, पट्टा किसके नाम पर बनाना चाहता है और उसका नॉमिनी किसे बनाएंगे, इन सभी चीजों की बारीकी से पूछताछ करने के बाद ही लोगों को पट्टे बांटे गए थे, लेकिन इसके बाद भी जिन्हें पट्टे बांटे गए हैं, उनमें ऐसे सैकड़ों लोग हैं, जिनके पट्टे में नॉमिनी के नाम का उल्लेख ही नहीं है।

इधर नॉमिनी के नाम का उल्लेख नहीं होने के कारण पट्टेधारी की मृत्यु के बाद पट्टे में परिवार के अन्य सदस्य का नाम भी चढ़ नहीं पा रहा है। नाम चढ़ाने के लिए लोगों को अब नगर निगम और राजस्व विभाग कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत बांटे गए थे पट्टे


कांग्रेस शासनकाल में शहरी क्षेत्र में पट्टा देने के लिए रायपुर नगर निगम ने अप्रैल 2022 में सर्वे की शुरुआत की थी। राज्य सरकार की ओर से जारी राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत निगम क्षेत्र में 600 वर्गफीट तक की जमीन पर लंबे समय से रहने वाले लोगों को 30 साल के लिए स्थाई पट्टा दिया गया था। निगम क्षेत्र में ये पट्टे हजारों में बांटे गए थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना का भी नहीं मिल पा रहा लाभ

स्थाई पट्टा एक व्यक्ति के नाम पर है। इसमें पुरुष और महिला दोनों में से एक व्यक्ति के नाम का उल्लेख है, जबकि सर्वे के दौरान लोगों से उनकी मृत्यु होने पर पट्टा किसके नाम पर रहेगा, इसके लिए नॉमिनी के नाम की भी जानकारी ली गई थी, लेकिन जब स्थाई पट्टे बांटे गए, तो उनमें नॉमिनी के नाम का उल्लेख करना ही विभाग भूल गया। यही कारण है कि अब जिन पट्टेधारी की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि इस योजना के पात्र के लिए सबसे पहले जीवित व्यक्ति के नाम पर पट्टा होना चाहिए। ऐसे में लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**केस 1**

फुंडहर निवासी नीलाभ विश्वकर्मा के नाम पर पट्टा दिया गया था। इस पट्टे में नॉमिनी के नाम का उल्लेख नहीं है। नीलाभ की मृत्यु हो चुकी है। नीलाभ का परिवार कच्चे मकान में निवास कर रहा है, इसलिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन पट्टे में परिवार के दूसरे सदस्य का नाम नहीं चढ़ पा रहा है, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है।




### 30 साल के बाद करना है नवीनीकरण

लंबे समय से झुग्गी झोपड़ी और कच्चे मकान में रहने वाले लोगों को 30 साल के लिए यह स्थाई पट्टा दिया गया है। इस तरह 30 साल की समय अवधि पूरी होने के बाद ही पट्टा हितग्राही को फिर से अपना पट्टा नवीनीकरण कराना है।

**केस 2**

फुंडहर निवासी टीकम साहू को भी स्थाई पट्टा मिला था, लेकिन अब उसकी भी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उसके पट्टे पर परिवार के दूसरे सदस्य का नाम चढ़ नहीं पा रहा है। उसके परिवार के लोगों ने जोन-10 कार्यालय में भी आवेदन किया, लेकिन उन्हें वहां से निराशा हाथ लगी है।

**केस 3**

दुकालू निषाद निवासी फुंडहर को भी कांग्रेस शासनकाल में ही स्थाई पट्टा मिला था। यह पट्टा उसके नाम पर था। उसकी भी मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद उसके परिवार के सदस्य पट्टा में नाम बदलवाने के लिए निगम और राजस्व कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इस परिवार को भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

**केस 4**

तुकाराम साहू ने बताया कि फुंडहर क्षेत्र में करीब 50 लोगों को कांग्रेस शासनकाल में स्थाई पट्टा वितरण किया गया है, लेकिन इन पट्टों में नॉमिनी का उल्लेख नहीं है। जिन लोगों के नाम पर पट्टे दिए गए हैं, उनमें कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में उनके परिवार के सदस्य अब पट्टे में परिवार के दूसरे सदस्य का नाम दर्ज कराना चाहते हैं।

### चेक कराता हूं ऐसा है तो निराकृत करेंगे समस्या

निगम क्षेत्र में पूर्व कांग्रेस शासन काल में बांटे गए स्थाई पट्टों में अगर किसी पट्टेधारी की मृत्यु हो चुकी है, तो उस परिवार का दूसरा सदस्य अपना नाम चढ़ाने आवेदन कर सकता है। अगर ऐसे मामले हैं, तो चेक कराता हूं। समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

- **अबिनाश मिश्रा,** कमिश्नर, नगर निगम रायपुर

### इंडोर स्टेडियम से लेकर जोन कार्यालय में बांटे गए थे पट्टे

निगम ने इंडोर स्टेडियम से लेकर जोन कार्यालयों में स्थाई पट्टा का वितरण किया था। इंडोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम आयोजित करके करीब पांच हजार लोगों को स्थाई पट्टे बांटे गए थे। इस कार्यक्रम में महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मनोज वर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे समेत निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# डॉ. ओमप्रकाश बने प्रदेश देवांगन समाज के अध्यक्ष




**रायपुर।** सांईस कॉलेज परिसर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडोटेरियम में बुधवार को प्रदेश देवांगन समाज छग का आमसभा एवं सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में समाज के संरक्षक, जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सभी पदाधिकारियों ने कहा कि, देवांगन समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए एक शसक्त एवं सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके बाद सभी संरक्षकों और जिलाध्यक्षों से आम राय के बाद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से डॉ. ओमप्रकाश देवांगन का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसे आमसभा समर्थन एवं अनुमोदन किया गया। इस प्रकार डॉ. ओमप्रकाश देवांगन निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किए गए। इसी दौरान अध्यक्ष डॉ. देवांगन ने कहा कि, सभी से सलाह मशविरा के बाद अपनी कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र ही करेगें।

**सम्मेलन में ये रहे उपस्थित :** अखिल भारतीय देवांगन कोष्टा समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश देवांगन ने बताया कि इस आमसभा में कुंजलाल देवांगन, महेश देवांगन, रामगोपाल देवांगन, धनेश देवांगन, अमृत देवांगन, लक्ष्मी नारायण देवांगन, पुरानिक देवांगन, विनय देवांगन, चिरजीव देवांगन, नरेंद्र देवांगन, मनोज देवांगन, मूलचंद देवांगन, जेठू राम देवांगन, विनय देवांगन, जितेंद्र देवांगन, बीएल तरार, आनंद देवांगन, अमरनाथ देवांगन, विमल देवांगन, पवन देवांगन, सुरेश देवांगन, विनोद देवांगन, चन्द्रहास देवांगन, परस देवांगन, हरीश देवांगन, वेद लाल देवांगन, होरीलाल देवांगन, गेंदलाल देवांगन, डोमेश देवांगन, गोपी देवांगन, आनंद देवांगन, मोहनी देवांगन, राकेश देवांगन, झब्बूलाल देवांगन, दयावान देवांगन, गजेंद्र देवांगन, नरेंद्र चोचाराम देवांगन इत्यादि प्रमुख है।

# बढ़ती ठंड पर चक्रवाती तूफान 'फेंगल' का लगेगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- दिसंबर की शुरुआत कम ठंड से होने के आसार

राज्य में बढ़ रही ठंड पर दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने चक्रवाती तूफान फेंगल का ब्रेक लगने की संभावना है। इसके प्रभाव से बस्तर और मध्य इलाके में दिन में हल्के बादल छाए हुए हैं और दो दिन में उत्तरी क्षेत्र के भी प्रभावित होने की संभावना है। इस तूफान के बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दिसंबर की शुरुआत कम ठंड के साथ होने की गुंजाइश है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार नवंबर में ठंड का यह चक्र काफी दिनों का रहा, जिस पर अब ब्रेक लगने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक बंगाल की खड़ी के ऊपर बना गहरा अवदाब प्रबल होकर चक्रवाती तूफान फेंगल के रूप में तब्दील होगा। इसके अगले दो दिन में श्रीलंका से होते हुए तमिलनाडु तट तक पहुंचने के आसार हैं। इससे मिलने वाली नमी का प्रभाव दिन में हल्के बादल के रूप में रायपुर, जगदलपुर सहित दोनों क्षेत्रों में नजर आ रहा है। रात के तापमान में किसी तरह की गिरावट भी नहीं हुई है और अगले चौबीस घंटे में भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। शुक्रवार से राज्य के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है।

**प्रमुख शहरों का तापमान**

| शहर | दिन का पारा | रात का तापमान |
|---|---|---|
| रायपुर | 29.2 | 14.5 |
| बिलासपुर | 27.6 | 13.0 |
| पेंड्रा | 25.2 | 9.2 |
| अंबिकापुर | 26.2 | 8.2 |
| जगदलपुर | 25.9 | 11.0 |
| दुर्ग | 30.8 | 11.4 |

# प्रतिबंधित दवाइयां मिलीं तो निरस्त होंगे मेडिकल स्टोर के लाइसेंस

**कलेक्टर गौरव सिंह ने दिए निर्देश**




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में बढ़ रही नशाखोरी को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने अब मेडिकल दुकानों की भी विशेष निगरानी और जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने बुधवार को एक बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाइयां मिलती हैं, तो उसका लाइसेंस निरस्त किया जाए। कलेक्टर ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय गठित समिति की मासिक बैठक ली। इस बैठक में एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने कहा कि नशे की दवा एवं सामग्री बेचने वालों पर रोक लगाने के साथ कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

इसके लिए मेडिकल स्टोर में भी प्रतिबंधित दवाइयों की बिक्री पर रोक लगाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने, अधिकारियों को दो टूक में कहा कि किसी भी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाइयां मिलती हैं तो उसका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस मिलकर नशे के सामानों की बिक्री करने वालों पर कड़ी निगरानी करें और नियमित रूप से राजधानी में संचालित समस्त मेडिकल स्टोर की जांच करे। उन्होंने यह भी कहा कि नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग इस बुरी लत से दूर रहें।

# सड़क किनारे खड़े वाहनों और अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मेकाहारा चौक से स्टेशन तक कार्रवाई के लिए निकली टीम

शहर की सड़कों पर ट्रैफिक बाधित करने वाले सड़क किनारे खड़े वाहनों और ठेले-गुमटियों पर अब कार्रवाई होगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन, नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई है। इस टीम ने बुधवार को मेकाहारा चौक से रेलवे स्टेशन तक अभियान चलाकर दो आटो को जब्त किया है। वहीं नगर निगम की टीम ने 4 ठेलों को आंबेडकर चौक के पास से जब्त किया है। साथ ही अन्य वाहन चालकों को समझाइश भी दी गई।

दरअसल, सड़कों के किनारे वाहन खड़े होने और अतिक्रमण होने की वजह से सड़कें सकरी हो रही हैं।



इसकी वजह से राजधानी के कुछ मार्गों पर सुबह और शाम के समय में यातायात बाधित होने से लोग परेशान हैं। जन शिकायत के बाद सुगम आवागमन उपलब्ध कराने जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही जहां बड़े-बड़े बेसमेंट में पार्किंग पर अवैध तरीके से गोदाम बनाया गया है, उन पर भी कार्रवाई करने विभागीय अफसरों को हिदायत दी गई है।

एसएसपी संतोष सिंह और नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सड़कों पर अवैध अतिक्रमण और यातायात बाधित करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# उच्च अध्ययन के लिए 65 चिकित्सा अधिकारियों को जारी हुई एनओसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- ले सकेंगे एमडी-एमएस पढ़ाई के लिए एडमिशन

चिकित्सा विशेषज्ञ की पढ़ाई के लिए स्वास्थ्य केंद्रों में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों को मंत्रालय के चक्कर से राहत मिल गई है। बुधवार को शासन की ओर से 65 चिकित्सा अधिकारियों को एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। एमबीबीएस की पढ़ाई के बाद चिकित्सा अधिकारियों को अनुबंध सेवा के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया गया था। इनका चयन पीजी की पढ़ाई के लिए हुआ था और विभिन्न मेडिकल कालेज में एडमिशन लेना था। पिछले साल तक ऐसे विद्यार्थियों को शपथपत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाता था और छह माह के भीतर शासन की एनओसी जमा करने की सुविधा दी जाती थी। इस बार प्रवेश के दौरान ही अनापत्ति प्रमाणपत्र मांगा गया है, जिसकी वजह से चिकित्सा अधिकारी चिंतित थे। मामले में उनकी ओर से चिकित्सा शिक्षा संचालनालय तक अपनी बात पहुंचाई थी। मामले में संज्ञान लेते हुए शासन की ओर से विभिन्न हेल्थ सेंटरों में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। नियम के मुताबिक उच्च अध्ययन के दौरान उनकी अनुबंध सेवा पूरी नहीं हुई है इसलिए अवधि को पीजी की पढ़ाई के बाद इसे पूर्ण करना होगा। साथ ही बांड नियम के तहत शासकीय मेडिकल कालेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के बाद दो साल की ग्रामीण सेवा भी पूरी करनी होगी।



## खबर संक्षेप

### मसीहीजनों की चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने की मांग

**रायपुर।** 'क्रिसमस' के अवसर पर मसीही समाज ने एक जनवरी तक मसीही अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया, प्रशिक्षण और चुनाव ड्यूटी नहीं लगाने की मांग राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह से की है। साथ ही पत्र की प्रति मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम एवं मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को भेजी गई है। समाजसेवी एवं सेंट पॉल्स कैथेड्रल पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सचिव पर्सिस सामुएल, सदस्य एडवोकेट सरिता सिंह, मुकेश पॉल व दीपक दास ने श्री सिंह से निवेदन किया है कि छत्तीसगढ़ के साथ ही संपूर्ण विश्व प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। पहली जनवरी नववर्ष तक यह पर्व मनाया जाएगा। मसीहीजनों के लिए आत्मिक और आध्यात्मिक रूप से दिसंबर का महीना बेहद महत्वपूर्ण है। महीनेभर विभिन्न पवित्र संस्कारों के साथ आराधनाएं होंगी। जैसा कि सूचनाएं मिल रही हैं कि दिसंबर मध्य से लेकर जनवरी में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संभावित हैं।

### उत्साह पूर्वक मनाई जा रही गीता जयंती

**रायपुर।** मान्यता के अनुसार मोक्षदा एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था और तभी इस दिवस को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजधानी में गीता परिवार रायपुर शाखा द्वारा 26 नवंबर उत्पन्ना एकादशी से 11 दिसंबर मोक्षदा एकादशी तक पंद्रह दिनी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान अलग-अलग दिनों में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर गीता पारायण आरती सहित अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।11 दिसंबर अंतिम दिन सदर बाजार गोपाल मंदिर में दोपहर गीता परिवार द्वारा 18 अध्याय का पारायण आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### मेहर समाज की बैठक 1 दिसंबर को

**रायपुर।** केंद्रीय सामाजिक भवन महादेव घाट रायपुरा में एक दिसंबर को छत्तीसगढ़ मेहर समाज की बैठक होगी। यह जानकारी समाज के महासचिव राकेश मेहर ने देते हुए बताया कि बैठक में प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन, स्नेह सम्मेलन पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक दोपहर 12 बजे आरंभ होगी। बैठक में समाज के लोग भारी संख्या में शामिल होंगे।

### गायत्री को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर विश्वविद्यालय ने विवेकानंद महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक गायत्री को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय वुमन एम्पॉवरमेंट एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट : ए स्टडी ऑफ सेल्फ हेल्प ग्रुप्स इन छत्तीसगढ़ (ए स्पेशल रेफरेंस टू रायपुर डिस्ट्रिक) था। उन्होंने अपना शोधकार्य दुर्गा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. विजय कुमार चौबे के निर्देशन में पूर्ण किया।

### एमआईसी सदस्य ने आयुष्मान कार्ड बनवाने नागरिकों का किया सहयोग



**रायपुर।** नगर निगम के अलग-अलग जोनों में आयुष्मान कार्ड बनवाने से छूटे नागरिकों को सुविधा देने शिविर लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के नागरिकों के लिए दुर्गा मैदान स्थित सेवा सदन में 3 दिवसीय आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित है। वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने शिविर स्थल पहुंचकर वार्ड वासियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग किया। नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित सेवा सदन दुर्गा मैदान में लगाए गए आयुष्मान कार्ड शिविर स्थल पर वार्डवासी अपने बच्चों को लेकर आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंचे। नागरिकों को कार्ड बनवाने के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए वार्ड पार्षद व्यवस्था की मानिटरिंग भी कर रहे हैं।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024

12 रामायण मेला का भव्य आगाज शहर में आज से,...



12 रासेयो इकाई वटगन ने चलाया सफाई अभियान





## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स समाज की मासिक बैठक एक को

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा खरोरा की मासिक बैठक 1 दिसंबर रविवार को दोपहर 2 बजे से पेंशनर्स सभा भवन देवांगन भवन केसला खरोरा नवागॉव रोड में रखी गई है। इसमें समस्त पदाधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार, पेंशनर्स दिवस मनाने, सदस्यता अभियान तथा अन्य विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया जावेगा। उक्त जानकारी गोपालदास पड़वार अध्यक्ष छ.ग. पेंशनर्स समाज तहसील शाखा खरोरा द्वारा दी गई।

### विलंबित जन्म-मृत्यु पंजीयन के लिए तहसीलदार प्राधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार जन्म–मृत्यु जिला–बलौदाबाजार द्वारा जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण संशोधन अधिनियम 2023 की धारा 13(3) के तहत किसी भी जन्म एवं मृत्यु की सूचना रजिस्ट्रार को उसकी घटना के एक वर्ष के पश्चात देने के मामले में विलंबित पंजीयन आदेश जारी करने हेतु जिले के सभी तहसीलदार को उनके अधिकार क्षेत्र के भीतर आगामी आदेश पर्यन्त प्रधिकारी नियुक्त किया गया है। इस तरह विलंबित पंजीयन आदेश के उपरांत ही संबंधित रजिस्ट्रार जन्म–मृत्यु द्वारा जन्म अथवा मृत्यु का पंजीयन किया जावेगा। यदि किसी व्यक्ति द्वारा प्राधिकृत अधिकारी तहसीलदार के आदेश के विरूद्ध अपील दायर की जाती है तो इस अपील के निराकरण हेतु अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रभार क्षेत्र को सक्षम प्राधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।

### शराब पिलाने की सुविधा तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में कोमाखान पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोमाखान पुलिस ने बताया कि कोमाखान शराब भट्ठी के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी कन्हैया धीवर पिता रामचंद्र धीवर (46 साल) कोमाखान, कुमार तांडी पिता गौतम तांडी (44 साल) लुकुपाली तथा सूरज गुप्ता पिता भगवान प्रसाद गुप्ता (40 साल) कोमाखान के खिलाफ कार्रवाई की। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम परेवापाली में जमीन विवाद को लेकर पिता-पुत्र ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि परेवापाली निवासी व प्रार्थी आलेख सिंह पिता भगत सिंह मलिक (64 साल) ने रिपोर्ट लिखाया है कि 24 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे उसके काबिज जमीन पर गांव के हेमलाल एवं उसके लड़का उद्धव दीवार खड़ा कर रहा है। जिसे प्रार्थी के पुत्र शिवा मलिक ने मना किया, जिस पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बेलसोंडा व बम्हनी धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण


**महासमुंद।** बेलसोंडा एवं बम्हनी धान उपार्जन केंद्र की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले ने केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कोसले ने केंद्र पर कैमरे लगाने के लिए गुरुवार तक की समय सीमा निर्धारित की।

# रोजगार मेले में 370 पंजीकृत, 155 युवकों का विभिन्न पदों पर चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर पलारी में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 374 प्रतिभागियों ने भागीदारी की। इस मेले में 12 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित हो कर लगभग 200 से अधिक विभिन्न पदों के लिए हितग्राहियों को नौकरी का अवसर प्रदान किया। वेक्टर फाइनेंस, टेक्नो टास्क बिजनेस सोल्यूशन, स्क्वायर बिजनेस सर्विसेस, शिवशक्ति एग्रीटेक, स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस, आर.के. ट्रेडर्स, टाटा मोटर्स, मारूती सुजुकी, किरन होण्डा आदि कंपनियों ने शामिल हो कर हितग्राहियों का साक्षात्कार लिया। लगभग 370 उम्मीदवारों ने अपना पंजीयन करा कर साक्षात्कार में शामिल हुए, जिसमें से प्रथम चरण में लगभग 155 उम्मीदवारों का चयन हुआ, जिसमें योग्यता 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, आईटी आई– डिप्लोमा तक ने आयोजन का लाभ लिया। इसमें आईसेक्ट से कोर्स किए भूतपूर्व व वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साथ अन्य भी शामिल हुए। यह आयोजन आंचलिक ग्रामीण बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर था। साथ ही साथ इस रोजगार मेले में रोजगार संबंधी निःशुल्क जानकारी के लिए रोजगार मंत्र की वेबसाइट एवं एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी गई।

### 200 पदों पर भर्ती के लिए 12 कंपनिया पहुंची




### मिला मार्ग दर्शन

इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में राज्य समन्वय अब्दुल मसीद का मार्गदर्शन रहा। इस अवसर में आईसेक्ट से प्रशांत स्वर्णकार, जाबिर खान, रफीक, गजेंद्र साहू, अंतरा श्रीवास्तव एवं सेंटर के संचालक जानिक राम वर्मा एवं समस्त स्टाफ ने अपनी भूमिका अदा की।

## तैयारी : गेंहू, रागी, चना, मटर, मसूर और मूंगफली का भंडारण

# रबी फसल के लिए बिना ब्याज के बीजों का रियायती दर पर बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




जिले की सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालयों में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024–25 हेतु गेहूं, रागी, चना, मटर, मसूर, सरसो एवं मूंगफली के बीजों का पर्याप्त भण्डारण किया गया है। विभागीय योजनाओं की समितियों, ग्राम पंचायतों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर कृषकों को योजनाओं पर रियायती दर पर बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। वर्तमान में जिले की अधिनस्थ सहकारी समितियों कृषि विभाग में गेहूं 1497.90 क्विंटल, चना 174.24 क्विंटल, मटर 27.20 क्विंटल, मसूर 5.2 क्विटल, सरसो 41.84 किंवटल एवं मूंगफली 81.40 क्विटल बीज उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नवीन बीज प्रक्रिया केन्द्र, छेरकापुर में भी विभिन्न फसलों के बीज विक्रय हेतु उपलब्ध है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. रायपुर द्वारा रबी वर्ष 2024–25 में अनाज, दलहन एवं तिलहन आधार एवं प्रमाणित बीजों की विक्रय दर निर्धारित किया गया है। रबी 2024–25 कृषकों को विक्रय हेतु निर्धारित प्रति क्विंटल दर (रू.) गेहूं ऊंची समस्त किस्मे 3910, गेहूं बौनी 10 वर्ष के अंदर 3670 एवं 10 वर्ष के बाहर 3870, चना 10 वर्ष के अंदर 8665, 10 वर्ष के बाहर 9085,मटर समस्त किस्मे 9550,मसूर समस्त किस्मे 10900, मूंग समस्त किस्मे 11500, उड़द समस्त किस्मे 12500, तिवड़ा समस्त किस्मे 6120,सरसो समस्त किस्मे 7770, अलसी समस्त किस्मे 9765, कुसुम समस्त किस्में 8760, मूंगफली समस्त किस्मे 10796 रूपये निर्धारित है। आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से 100 रू. प्रति क्विंटल अधिक होगी। कलेक्टर सोनी ने जिले के किसानों को रबी फसलों हेतु शून्य प्रतिशत ब्याज पर सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण वितरण हेतु नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, बलौदाबाजार को निर्देशित किया गया है। उप संचालक कृषि दीपक नायक द्वारा जिले के किसान से अपील की है कि रबी फसलों के बीजों का उठाव सहकारी समितियों से शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण के माध्यम से करें एवं बीज निगम के माध्यम से उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराकर अधिक दर पर बीज निगम में ही अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों का विक्रय कर अधिक आय अर्जित कर सकते हैं।

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



ग्राम पौसरी निवासी प्रार्थी योगेश कुमार धृतलहरे द्वारा थाना सिटी कोतवाली में नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

जानकारी के अनुसार भरसेली निवासी ज्ञानेश्वर घृतलहरे द्वारा 10 जनवरी को वन विभाग में भृत्य की नौकरी दिलाने के नाम पर अलग–अलग किस्तों में प्रार्थी से 2.40 लाख रूपये लिया है। आरोपी द्वारा वन विभाग के ऑफिस में प्रार्थी को घुमाकर एवं उच्च अधिकारियों से जान पहचान होने का झांसा देकर मुझे शासकीय नौकरी लगने का भरोसा दिलाया एवं जॉइनिंग लेटर मिलेगा बताया गया था, किंतु आज तक नहीं मिला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 420 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया । प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ज्ञानेश्वर धृतलहरे 35 वर्ष निवासी ग्राम भरसेली को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर प्रार्थी युवक से वन विभाग में भृत्य की नौकरी के नाम पर 2.40 लाख रूपये लेना स्वीकार किया गया। प्रकरण में गुरूवार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

## लच्छनपुर में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बलौदाबाजार।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम लच्छनपुर में शुक्रवार 29 नवम्बर को कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगा, जिसमें लोगों की समस्याओं, शिकायत व मांग से सम्बंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। श्री सोनी ने सभी जिला अधिकारियों को शिविर में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शिविर का लाभ उठाने अपील की है।

# जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू

**बलौदाबाजार।** जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा की शुरुआत 21 नवंबर से की गई, जो 4 दिसंबर तक जारी रहेगी। इस पखवाड़े के अंतर्गत समाज में पुरुष नसबंदी को प्रचार प्रसार के माध्यमों से बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे नसबंदी के लिए शिविर का भी आयोजन हो रहा है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार पुरुष नसबन्दी पखवाड़े को दो चरणों में विभाजित किया गया है, जिसमें 21 से 27 नवंबर तक प्रचार– प्रसार एवं जन जागरूकता के कार्य ग्राम एवं शहरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हैं। पखवाड़े का दूसरा चरण 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक जारी रहेगा। मातृ और शिशु स्वास्थ्य के नोडल अधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के अनुसार जिले में कुल 180 पुरूष नसबन्दी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ये ऑपरेशन डॉ. एस के जायसवाल, डॉ. पीएल चंदन और डॉ. उमरताज कुरैशी द्वारा किये जा रहे हैं। जिले में गत वर्ष 219 ऐसे ऑपरेशन हुए थे, जबकि इस वर्ष अप्रैल से अब तक 38 हो चुके हैं। महिला नसबन्दी से सरल पुरुष नसबंदी होती है, पुरुष नसबंदी में ऑपरेशन के बाद तुरंत पुरुष घर जा सकता है, जबकि महिला को 24 घंटे रुकना पड़ता है। पुरुष नसबंदी में टांका नहीं लगता और इससे पुरुषों में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती। यह नसबंदी परिवार नियोजन का एक सुरक्षित साधन है, जिसके तहत शासन द्वारा 3 हजार की प्रोत्साहन राशि भी हितग्राही को दी जाती है।



## युवा उत्सव एवं महिला खेल महोत्सव 2 को ससहा में

**पलारी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में 2 दिसंबर को सुबह 10 बजे से ब्लॉक स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन हायर सेकंडरी स्कूल ससहा में युवा उत्सव एवं महिला खेल का आयोजन रखा गया है। युवा उत्सव के अंतर्गत सामूहिक लोकगीत एवं लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत एवं लोक नृत्य, तात्कालिक भाषण, कहानी लेखन, कविता लेखन, टेक्सटाइल्स डिजाइनिंग, विज्ञान प्रदर्शनी, कृषि प्रदर्शनी का आयोजन होगा। महिला खेल के अंतर्गत 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए खेल का आयोजन रखा गया है। इसमें खो–खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, 100 मीटर, 400 मीटर की दौड़, तवा फेक, कुश्ती, भारोत्तोलन, रस्साकसी का चयन प्रतियोगिता रखा गया है। उक्त जानकारी ब्लाक नोडल अधिकारी ईश्वर साहू ने दी।




# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 21 चालकों के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस की अलग–अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 21 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध कार्रवाई कर वाहन जब्त किया गया। जब्त सभी 21 वाहनों को विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। चेकिंग अभियान में यातायात की शाखा बलौदाबाजार द्वारा 6, यातायात कसडोल 3, यातायात भाटापारा 6 एवं यातायात सिमगा द्वारा 6 चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है। जिला बलौदाबाजार यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्ती कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से यातायात के नियमों का पालन करने तथा शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की है।

### वाहन चालकों का चेकिंग अभियान जारी

**भाटापारा।** शहर में यातायात व्यवस्था को मजबूत करने व सड़क दुघर्टना को कम करने भाटापारा ग्रामीण थाना व शहर थाना द्वारा चेकिंग अभियान प्रारंभ किया गया। इसमें सभी माल वाहक, चार पहिया वाहन व मोटरसाइकिल के प्रत्येक कानूनी कागजों की जांच व नशे में वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। लगातार भारी वाहनों से हो रही सड़क दुघर्टना व नशे में धूत वाहन चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अभियान चलाया जाएगा।





## बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल ब्लाक में होगा निर्वाचन

# पंचायत चुनाव के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1994 के अध्याय–3 के नियम 13 एवं 14 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024–25 के लिए जनपद पंचायत बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, पलारी, कसडोल के निर्वाचन कार्य हेतु निम्नलिखित अधिकारियों को रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। इसके अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार के लिए रिटर्निंग ऑफिसर राजू पटेल, तहसीलदार बलौदाबाजार,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अक्षय कुमार तिवारी नायब, तहसीलदार बलौदाबाजार पी सी पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलौदाबाजार, जनपद पंचायत भाटापारा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर प्रेमा मिंज अतिद्ग तहसीलदार भाटापारा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अभिषेक अग्रवाल, नायब तहसीलदार हिमांशु वर्मा मुख्यकार्यपालन अधिकारी भाटापारा, सिमगा के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अनिरूद्ध मिश्रा, प्रभारी तहसीलदार सिमगा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दिलीप कुमार सामल, नायब तहसीलदार सुहेला, अमित दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिमगा, पलारी के लिए रिटर्निंग ऑफिसर लीलाराम कंवर, तहसीलदार पलारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चुम्मनलाल ध्रुव, नायब तहसीलदार पलारी, रोहित नायक मुख्यकार्यपालन अधिकारी पलारी कसडोल के लिए रिटर्निंग ऑफिसर विवेक पटेल, तहसीलदार कसडोल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर निशा वर्मा नायब तहसीलदार लवन, कमलेश कुमार साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कसडोल को बनाया गया है। उक्त आदेश के परिपालन में किसी भी अधिकारी का स्थानान्तरण होने पर संबंधित पदस्थ अधिकारी द्वारा उक्त कार्य का निर्वहन करेंगे।

हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### फेकर बने प्राधिकृत अध्यक्ष



**अमेरा।** कृषि साख सहकारी समिति अमेरा में गुरुवार को शासन द्वारा प्राधिकृत अध्यक्ष मनहरन फेकर द्वारा पद ग्रहण किया गया। अपने संबोधन में श्री फेकर ने कहा कि धान खरीदी के साथ ही किसानों के अन्य समस्या के समाधान हेतु सदैव सजग और तत्पर रहने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. अजय राव, गजानंद त्रिवेदी, पवन वर्मा, देवादास जोशी, कोसमंदी शाखा प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### पारसमणी बने जिला साहू संघ के सचिव



**बलौदाबाजार।** जिला साहू संघ ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू ने पारसमणी साहू को जिला सचिव जिला साहू संघ बलौदाबाजार के पद पर नियुक्ति दी है। सचिव नियुक्त होने पर विधायक कसडोल संदीप साहू, विधायक भाटपारा इंद्र साव, संरक्षक रेवाराम साहू, सुरेन्द्र साहू, भंवर सिंह साहू, देवेंद्र साहू, मुकेश साहू, दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष राजाराम साहू, रवि साहू, भोलाराम साहू, दिव्या साहू, बीरबल साहू, महेश साहू, सती साहू, कमला साहू, शंकरलाल साहू, सुशील साहू, प्रेम नारायण साहू, सुरेंद्र साहू, विमल साहू, गरीबदास साहू, टेकराम साहू, रतिराम साहू, पारथमनी साहू, पन्नालाल साहू, जीवन साहू, वीरेंद्र साहू, युगल किशोर साहू, लक्ष्मी साहू, जावा बाई साहू, रोहासी सीताराम साहू, गणपत साहू, मनहरण साहू आदि ने बधाई दी।

### अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए दो खिलाड़ी चयनित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिला क्रिकेट संघ के दो खिलाड़ियों आयुष द्विवेदी और मनोज पटेल का चयन अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 6 दिसंबर से कर्नाटक के शिमोगा में आयोजित होगी। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम विभिन्न राज्यों के साथ मल्टी डेज़ मैच खेलेगी। यह प्रतियोगिता बीसीसीआई द्वारा आयोजित होती है, इस प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ियों का चयन होना यह गर्व की बात है। इनका चयन उनके जिला मैच एवं प्रशिक्षण कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारी ने हर्ष जताया है। यह जानकारी संघ के सदस्य तृपेश साहू ने दी है।

### 10वें दिन भी हड़ताल, अब उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

**महासमुंद।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के नगरीय निकायों के कर्मचारी इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जहां एक ओर हड़ताल से बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं शासन-प्रशासन इनकी मांगों पर कोई विचार नहीं कर रही है, जिससे अब कर्मचारी मांगों को लेकर अनशन करते हुए आंदोलन उग्र होने की चेतावनी दे रहे हैं।

## कार्यक्रम : शुभारंभ पर शहर में निकाली जाएगी शोभायात्रा

# रामायण मेला का भव्य आगाज शहर में आज से, बना विशाल पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

राष्ट्रीय रामायण मेला समिति भाटापारा द्वारा भव्य राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन 29 नवंबर से 1 दिसम्बर तक यज्ञशाला में किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में विभिन्न राज्यों से संत विद्वानों तथा सांस्कृतिक दलों का समागम होगा तथा विविध विधाओं से रामचरित की प्रस्तुति होगी शुभारंभ सत्र सुबह 10.30 बजे से होगा। वहीं सांस्कृतिक संध्या के रुप में संध्या सात बजे से दस बजे तक मनोरम भक्तिमय सांस्कृतिक छटा बिखरेगी। विविध सत्र भंवर सिंह साहू मुकेश शर्मा, कविता शर्मा डा वीणा साहू,डा सीमा अवस्थी के संचालन में संपन्न होगा। इस आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल अग्रवाल संरक्षक गौरीशंकर शंकर शर्मा, डॉ. ललित सिंह ठाकुर, सरोज अग्रवाल सुशील भूषाणिया, सुनील दुबे, रामचन्द्र सचदेव, कल्याण सिंह ठाकुर, अनिल ओझा, मोनू दुबे, राजेश साहू, खेमचंद देवांगन, सत्यनारायण पटेल, संतोष पाण्डेय, रविन्द्र शर्मा, गगन गुप्ता, जीतनारायण साव तिलक साहू, , निखिल अग्रवाल, नभ नारायण साहू आदि की अहम भागीदारी है।




### शोभायात्रा के साथ शुभारंभ

*राष्ट्रीय रामायण मेला का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ होगा, इसके तहत सुबह लगभग 9 बजे महासती मंदिर से शोभायात्रा निकलेगी तथा सदर बाजार, गोविंद चौक, रामसप्ताह चौक, जयस्तंभ चौक फव्हारा चौक महारानी चौक होते हुए शोभायात्रा आयोजन स्थल यज्ञशाला पहुंचेगी। शोभायात्रा में संत विद्वानों की उपस्थिति के साथ ही राम दरबार की आकर्षक झांकी भी रहेगी। आयोजन स्थल यज्ञशाला में शोभायात्रा पहुंचने के उपरांत पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ महाआयोजन का शुभारंभ होगा। आयोजन में विविध विधाओं की छटा बिखरने के साथ ही त्रिदिवसीय अखंड मानस का पाठ भी पं. रामकुमार बाजपेई, विष्णु वैष्णव एवं मुरारी वैष्णव के नेतृत्व में संपन्न होगा।*

### विविध सत्रों में विविध आतिथ्य

त्रिदिवसीय आयोजन में प्रतिदिन चार सत्र आयोजित होंगे। उदघाटन सत्र 29 नवंबर को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। वहीं 1 दिसंबर समापन सत्र सम्मान समारोह में विधायक इन्द्र साव की उपस्थिति रहेगी। दण्डी स्वामी श्रीमज्जयोतिमर्यानन्द सरस्वती, संत रामरुप दास महात्यागी, साध्वी राजश्री वृन्दावन के दिव्य प्रवचनों से ओतप्रोत संत वाणी के अहम सत्र के साथ ही मानस विद्वानों के उदगार एवं सांस्कृतिक संध्या के रुप में विविध क्षेत्रों के सांस्कृतिक दलों की अनुपम छटा बिखरेगी। विभिन्न सत्रों में लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का आतिथ्य होगा, जिनमें काशी हिन्दी विद्यापीठ कुल सचिव इन्द्रजीत तिवारी, वेदाचार्य डॉ. सूर्य नारायण गौतम दमोह, अध्यक्ष राष्ट्रीय रामायण मेला श्रृंगवेरपुर बालकृष्ण पाण्डेय, अध्यक्ष राष्ट्रीय महासंघ प्रयागराज भागवत प्रसाद, किशोर जी, महासचिव राष्ट्रीय रामायण मेला चित्रकुट करुणाशंकर द्विवेदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्रामीण रामायण मेला बांदा विमलकांत तिवारी समाजसेविका रत्नावली कौशल, साहित्यिक साहित्य शोध संस्थान मुंबई महासचिव डा प्रदीप सिंह, अध्यक्ष काव्य हिन्दुस्तान मुजफ्फरपुर रेखा शर्मा,प्रख्यात फिल्मकार मोहन सुंदरानी,प्रोफेसर बीना कुमारी मुंबई,प्रोफेसर सतीश कन्नौजे मुंबई प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

## रामचरितमानस ऐसी औषधि है जिसके श्रवण से सभी रोग होते हैं समाप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

किसी भी जीव में इतनी पात्रता नहीं है कि वह अपने प्रयत्न से मानव शरीर को प्राप्त कर सके। यह भगवान की करुणा का प्रतिफल है कि हमें मनुष्य का तन प्राप्त हुआ है। उक्त बातें अवधपुरी से पधारे रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कही।

■ शिवरीनारायण मठ महोत्सव में रामचरित मानस की कथा का रसपान जारी

शिवरीनारायण मठ महोत्सव में उपस्थित श्रोताओं को श्री रामचरित मानस की कथा का रसपान कराते हुए उन्होंने अभिव्यक्त किया कि यह हम सभी का परम सौभाग्य है कि भक्ति मति माता शबरी की पावन धारा में कथा कहने और सुनने का सौभाग्य मिला है। भगवान की कथा परम पवित्र है। गंगाजी तीनों लोक को पवित्र करती है, लेकिन जब यही गंगा संयोग से हरिद्वार, काशी या प्रयागराज को स्पर्श करती है, तब इसकी महत्ता और अधिक बढ़ जाती है। वैसे ही भगवान की कथा अपने आप में परम पवित्र तो है लेकिन शिवरीनारायण जैसे तीर्थ स्थान को प्राप्त कर उसकी महत्ता और भी अनंत गुनी बढ़ जाती है। श्री प्रपन्नाचार्य ने कहा कि ईश्वर को प्राप्त करने के अनेक साधन है, लेकिन भक्ति से बढ़कर कोई सरल साधन नहीं है। रामचरितमानस भव रोग एक मात्र ऐसी औषधि है जिसे सुनने मात्र से सभी रोग समाप्त हो जाते हैं। हिरण्यकश्यप ने भगवान को सर्वत्र खोजा भगवान उन्हें कहीं नहीं मिले। नारदजी ने भगवान से पूछा आप कहां छिपे थे? भगवान ने कहा मैं उसके हृदय में बैठा हुआ था। अहंकारी व्यक्ति भगवान को संसार में सर्वत्र ढूंढता है, अपने हृदय में कभी नहीं ढूंढता। कथा का समय प्रत्येक दिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तथा अपराह्न 3 से शाम 6 बजे निर्धारित है।

## श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए शिव डहरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमंत दुबे के पिता व्यास नारायण दुबे के तेरहवीं कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन डॉ. शिवकुमार डहरिया साथियों सहित शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किये। तत्पश्चात ग्राम नरधा टुंडरा के लिए रवाना हो गए। ग्राम नरधा में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बरसाती लाल साहू के घर भी शोक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष हीतेंद्र ठाकुर, संदीप अग्रवाल, गोपी साहू, रोहित साहू, पिंटू वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नल कुमार पटेल, भागवत साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता छत्रसाल साहू, विमल देवांगन, हर प्रसाद साहू, बाबूलाल पटेल, राम शंकर साहू, खोलटू, सुखीराम वर्मा, सरकार वर्मा, भागवत पुरेना, शैलेन्द्र देवांगन, भुरवा राम गॉड आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



## पुलिस और वनरक्षक भर्ती के लिए कड़कती ठंड में युवा मेहनत करने जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पुलिस विभाग में सरकारी वैकेंसी लगातार निकाली जा रही है। इसे लेकर भवानीपुर अंचल के युवा एक्टिव नजर आ रहे हैं। बिना किसी ट्रेनर की मदद के युवा छत्तीसगढ़ पुलिस और वनरक्षक के लिए तैयारी में जुटे हैं। प्रतिदिन सुबह शाम खेल मैदान में दौरान दौड़ना, कूदना, गोला फेंकना जैसे अनेक प्रकार के अभ्यास कर रहे हैं। युवाओं ने बताया कि अभ्यास के दौरान हम एक दूसरे की मदद करते हैं, जिसकी वजह से कभी ट्रेनर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ी। युटुब इंटरनेट की वजह से हम लोगों को ट्रेनिंग करने में बहुत ज्यादा सुविधा मिलती है। अंचल के जितने भी युवा जॉब कर रहे हैं वह भी यही से ही खेल कूद कर वहां तक पहुंचे हैं।

## हसुवा केंद्र में हुई 4823 क्विंटल धान खरीदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

प्राथमिक साख सहकारी समिति हसुवा में धान खरीदी का शुभारंभ प्राधिकृत अध्यक्ष व्यास श्रीवास द्वारा पूजा अर्चना एवं किसानों की उपस्थिति में किया गया। हसुवा सोसायटी में धान की आवक खरीदी 4822.80 क्विंटल है। इस अवसर पर कृषक शीतल प्रसाद साहू कोटियाडिह, रामकुमार मोहतरा, शुशील अमलीडीह, सियाराम साहू बरपाली के धान को तौलकर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। धान खरीदी में मंडल अध्यक्ष छतराम साहू, सत्यनारायण पटेल, दमोदर साहू, दमोदर कर्ष, मनीराम साही, अतुल केशरवानी, शैलेंद्र, भूपेंद्र, ईशवर साहू, नंदनी साहू, सुधा साहू, राजेशवर, शिवचरण साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, गोपी यादव, हरिराम साहू, रामनारायण पटेल, राजकुमार गोंड, सदानंद साहू उपस्थित थे।




## संकुल केंद्र सोनारदेवरी में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुडा

संकुल केंद्र सोनारदेवरी में विदाई सह–सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएन वर्मा, अध्यक्षता विश्वकर्मा संकुल प्राचार्य तथा जेएल जोशी, सतीश माहेश्वरी, नरेश वर्मा, किशन बंजारे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक कुबेर सिंह पैकरा, भागीरथी साहू एवं नवपादोन्नत प्रधान पाठक सनत वर्मा, कैलाश ध्रुव तथा स्थानांतरण होकर गए शिक्षिका लक्ष्मी देवी साहू, भेषवती सिंह का संकुल परिवार के शिक्षकों द्वारा साल, श्रीफल तथा छतरी भेंट कर सम्मान किया गया तथा संकुल में आए नए शिक्षक, शिक्षिका का श्रीफल से सम्मान किया गया।

## राहुल को 3 माह जेल में निरुद्ध करने का आदेश



**बलौदाबाजार।** पीआईटीएनडीपीएस प्रीवेंटिव डिटेंशन इन एनडीपीएस 1988 के तहत जिला बलौदाबाजार पुलिस द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर 1 आरोपी के विरुद्ध निवारक निरोध का आदेश किया गया। संभाग आयुक्त रायपुर द्वारा आरोपी राहुल ध्रुव के खिलाफ 3 माह तक निरूध्द रखने का आदेश किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को आरोपी राहुल ध्रुव 23 वर्ष निवासी सर्कस मैदान के पास स्टेशन वार्ड भाटापारा को आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर द्वारा 3 माह जेल में निरुद्ध करने का आदेश पारित किया गया है। आदेश पारित होने उपरांत आरोपी को उप जेल बलौदाबाजार में जेल दाखिल करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## रासेयो इकाई वटगन ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ग्राम बम्हनी में संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवी दिवस में परियोजना कार्य के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक करने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी राम प्रकाश जोशी के मार्गदर्शन में सभी स्वयंसेवकों ने जिन्हें अलग–अलग ग्रुप में विभाजित किया गया है वह सभी गांव की अलग–अलग स्थान पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाए हैं जिसमें समूह 1 कौडिया और समूह 3 कुसमी ने मिलकर ग्राम बम्हनी में स्कूल के बाहर और सड़क के आसपास के



जगह को साफ किया। समूह 5 बम्हनी और समूह 6 वटगन ने ग्राम बम्हनी के राशन दुकान के सामने और समूह 7 पायलेट ने ग्राम पंचायत बम्हनी के आसपास कूड़े कचरे की सफाई की।

## शहर में विकास कार्यों के लिए मिली 1.19 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा की अनुशंसा से विकास कार्यों के लिए नगर पालिका को पुनः 1 करोड़ 19 लाख 75 हजार की स्वीकृति प्राप्त हुई। अब तक लगभग 12 करोड़ की राशि का नगर विकास कार्यों के लिए स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भाटापारा नगर के लिए 14वें वित्त आयोग के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत स्क्रीनिंग मशीन 5-10 टीपीएच नगर पालिका ठोस विरासत अपशिष्ट पृथक्करण मशीन 1 नग राशि 61 लाख 95 हजार, मशीन वीएमसी वर्टीकल मशीनिंग सेंटर 4 नग राशि 26 लाख 12 हजार, प्लास्टिक श्रेडर मशीन 1 नग राशि 5 लाख 90 हजार एवं एक्सटुडर मशीन, सड़क के गड्ढे भरने के लिए 01 नग राशि 25 लाख 78 हजार की स्वीकृति मिली है।



उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव सहित पूरे सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सभी हो रहे विकास कार्यों की स्वीकृति से प्रसन्नता है। राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, राजा कामनानी, मनिंदर गुम्बर, योगेश अंनत, कुंजराम कोशले, सतीश साहू आदि ने आभा व्यक्त किया है।




## 49 छात्राओं को साइकिल वितरित

**रवान।** शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल रवान में 49 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच विजय वर्मा, उपसरपंच रोहित वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेलन वर्मा, वरिष्ठ शिक्षक घनश्याम देवांगन व्याख्याता, केके वर्मा व्याख्याता, रतन लाल साहू व्याख्याता, शिक्षक योगेश्वरी वर्मा व्याख्याता, छात्र–छात्राएं व अन्य सदस्यगण सहित ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी शासकीय हाई स्कूल रवान के प्राचार्या सारिका तिवारी ने दी है।

